जनपद हमीरपुर

दिनांक -14.06.2026

उत्तर प्रदेश पुलिस में उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 के अन्तर्गत अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण (डीवी/पीएसटी) के संबंध में बैठक आयोजित।

आज दिनांक 14.06.2026 को पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 के अंतर्गत अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण (डीवी/पीएसटी) प्रक्रिया को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने हेतु संबंधित राजपत्रित अधिकारियों, चिकित्सकों, प्रभारियों एवं ड्यूटी में नामित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

बैठक में बताया गया कि डीवी/पीएसटी की कार्यवाही रिजर्व पुलिस लाइन, हमीरपुर में दिनांक 15.06.2026 एवं 16.06.2026 को आयोजित की जाएगी समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्धारित समय से पूर्व ड्यूटी स्थल पर उपस्थित रहने, ड्यूटी के दौरान पूर्ण अनुशासन एवं संवेदनशीलता बनाए रखने तथा भर्ती प्रक्रिया की गोपनीयता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने निर्देशित किया कि प्रवेश द्वार पर तैनात पुलिस बल अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र का गहन परीक्षण करने के उपरांत ही उन्हें प्रवेश प्रदान करेगा। बायोमेट्रिक सत्यापन, अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण से संबंधित सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं तथा प्रत्येक चरण में अभ्यर्थियों के साथ शालीन एवं सहयोगात्मक व्यवहार रखा जाए। यह भी निर्देश दिए कि भर्ती प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, अनुचित गतिविधि अथवा सुरक्षा संबंधी चुनौती को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए। यातायात व्यवस्था के संबंध में प्रभारी यातायात को परीक्षा केंद्र एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में सुचारु यातायात संचालन, बैरियर व्यवस्था, पार्किंग प्रबंधन के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए गए। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि परीक्षा केंद्र के आसपास अनावश्यक वाहन खड़े न हों तथा निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही वाहनों की पार्किंग कराई जाए।

बैठक के दौरान कार्यदायी संस्था, सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की सुविधा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को उनके दायित्वों के प्रति सजग रहते हुए भर्ती प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।